RNI NO. RAJHIN/2013/50649

pktimesnews.com PK Times News thepktimesofficial pk_timesofficial

PK टाइम्स

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com



आज प्रधानमंत्री गांधीनगर के कोबा तीर्थ में करेंगे 'सम्राट संप्रति संग्रहालय' का उद्घाटन

वर्ष - 12 | अंक - 263 | मूल्य - 1 रुपए | राजस्थान | मंगलवार, 31 मार्च, 2026

# प्रदेश में 1 अप्रैल से होंगे बड़े बदलाव; हाईवे पर सफर महंगा सरकारी अस्पतालों में समय परिवर्तन तो रेलवे में बदलेंगे कई नियम

**लोक टुडे। जयपुर**

राजस्थान में 1 अप्रैल से कई बदलाव देखने को मिलेंगे। जहां नेशनल हाईवे पर सफर करना महंगा होगा, वहीं प्रदेश में निजी यात्री वाहनों के लिए भी सख्त नियम लागू होंगे। इसके साथ ही सरकारी अस्पतालों में ओपीडी का समय भी बदलेगा। प्रदेश के सरकारी और प्राइवेट स्कूलों में 1 अप्रैल से नया शैक्षणिक सत्र भी शुरू होगा। अब जानिए, प्रदेश में 1 अप्रैल से क्या-क्या बदलाव होंगे।

## कारों के लिए कोई बढ़ोतरी नहीं

NHAI की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, इस सभी टोल बूथ पर कारों के लिए टोल दरों में कोई इजाफा नहीं किया गया है। ज्यादातर बढ़ोतरी कॉमर्शियल या उससे बड़े भारी वाहनों के लिए हुई है।



## हाईवे पर सफर होगा महंगा

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने जयपुर से अलग-अलग शहरों के लिए जाने वाले नेशनल हाईवे की टोल दरों में बढ़ोतरी की है। इसमें जयपुर में रिंग रोड, जयपुर-किशनगढ़, जयपुर-सीकर और जयपुर-दौसा हाईवे पर बने टोल प्लाजा शामिल हैं। ये बढ़ोतरी 1 अप्रैल से लागू होगी। NHAI की ओर से जारी नोटिफिकेशन में जयपुर से दिल्ली जाने वाले पुराने हाईवे पर दौलतपुरा, मनोहरपुर और शाहजहांपुर टोल प्लाजा पर, जबकि जयपुर-किशनगढ़ हाईवे पर ठीकरिया, बड़गांव, रिंग रोड पर सीतारामपुरा, हिंगोनिया और जयपुर-सीकर राजमार्ग पर टाटियावास टोल बूथ पर बढ़ोतरी की गई है। यह बढ़ोतरी 5 से लेकर 20 रुपए तक की है। रिंग रोड पर प्राइवेट के अलावा हल्के कॉमर्शियल वाहनों के लिए बढ़ोतरी नहीं की गई है। यहां केवल भारी कॉमर्शियल गाड़ियों के लिए टोल रेट में 5 से लेकर 20 रुपए तक बढ़ोतरी की गई है। NHAI ने कार के लिए बनाए जाने वाले सालाना पास की कीमतों में 75 रुपए की बढ़ोतरी की।

## प्रदेश की अदालतों का भी बदलेगा समय

राजस्थान हाईकोर्ट सहित प्रदेश के सभी न्यायालयों के समय में बदलाव किया गया है। आगामी 13 अप्रैल से अदालतों में ग्रीष्मकालीन समय-सारिणी लागू हो जाएगी। अदालती कार्यवाही सुबह 8 बजे से शुरू होगी। यह नई व्यवस्था 28 जून तक पूरे प्रदेश में प्रभावी रहेगी। अधिसूचना के अनुसार, हाईकोर्ट में न्यायिक कार्य सुबह 8 से दोपहर 1 बजे तक चलेगा। इस बीच सुबह 10:30 से 11 बजे तक आधे घंटे का मध्यांतर (ब्रेक) रहेगा। वहीं, हाईकोर्ट के कार्यालय का समय सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक तय किया गया है, जिसमें 10:30 से 10:45 बजे तक 15 मिनट का ब्रेक दिया जाएगा।

## ट्रायल कोर्ट का शेड्यूल

प्रदेश की सभी ट्रायल या अधीनस्थ अदालतों में भी सुनवाई का समय सुबह 8 से दोपहर 12:30 बजे तक निर्धारित किया गया है। इन अदालतों में सुबह 10 से 10:15 बजे तक 15 मिनट का ब्रेक रहेगा। इन अदालतों के कार्यालय का कार्य सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक संचालित होगा।

## रेलवे में ये होगा बदलाव

1 अप्रैल से रेलवे यात्रियों के लिए कई अहम बदलाव लागू करने जा रहा है। इन बदलावों का असर टिकट कैंसिलेशन, रिफंड, चार्ट बनने के समय, बोर्डिंग पॉइंट बदलने और टिकट अपग्रेड जैसी सुविधाओं पर पड़ेगा।

## स्कूल समय बदला

1 अप्रैल से नया सत्र शुरू होगा। एक पारी वाले स्कूल में सुबह 7:30 से दोपहर 1 बजे तक। वहीं दो पारी वाले स्कूलों में सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक (हर पारी साढ़े 5 घंटे की) होगी। इसके अलावा आंगनवाड़ी केंद्र भी सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक खुलेंगे।

## टैक्स और बैंकिंग से जुड़े 3 बड़े काम

**1.PPF, NPS और सुकन्या खाते में डालें मिनिमम बैलेंस** -पब्लिक प्रॉविडेंट फंड, नेशनल पेंशन स्कीम या सुकन्या समृद्धि योजना को चालू रखने के लिए हर साल ₹250 से ₹500 तक न्यूनतम राशि जमा करना अनिवार्य है। अगर खाता बंद हो गया तो चालू कराने के लिए पेनल्टी लगेगी और बैंक के चक्कर काटने होंगे।

**2. पुरानी टैक्स रिजीम में सेविंग का मौका** - पुरानी टैक्स रिजीम में टैक्स बचाने के लिए निवेश करने का 31 मार्च को आखिरी दिन है। सेक्शन 80C के तहत ₹1.5 लाख तक की छूट पाने के लिए आप ढ्ढक्र लाइफ इंश्योरेंस में निवेश कर सकते हैं। इसके अलावा, 80D के तहत हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम और मेडिकल खर्चों पर 1 लाख तक की छूट मिलती है। 1 अप्रैल या उसके बाद किया गया निवेश अगले साल के खाते में गिना जाएगा।

**3. सैलरी क्लास के लिए जरूरी: ऑफिस में जमा करें इन्वेस्टमेंट प्रूफ** - अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो आपको अपने ऑफिस में इन्वेस्टमेंट प्रूफ जमा करने होंगे। इसमें घर के किराए की रसीदें, बीमा प्रीमियम की रसीद, होम लोन के ब्याज का सर्टिफिकेट शामिल हैं।

# राजस्थान बोर्ड-12वीं का रिजल्ट आज

**लोक टुडे। जयपुर**

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 12वीं आर्ट्स, कॉमर्स, साइंस का रिजल्ट 31 मार्च सुबह 10 बजे घोषित किया जाएगा। बोर्ड ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर रिजल्ट जारी करेंगे। 12वीं की परीक्षाएं 11 मार्च को खत्म हुई थी, जिसमें 9 लाख 10 हजार 9 स्टूडेंट रजिस्टर्ड थे। बोर्ड इतिहास में पहली बार मार्च महीने में 12वीं का रिजल्ट घोषित हो रहा है। बता दें कि बोर्ड ने 10वीं का रिजल्ट 24 मार्च को घोषित कर दिया है। ऐसा पहली बार हुआ है कि 12वीं से पहले 10वीं का रिजल्ट जारी हुआ।

# पद्म विभूषण, पद्म भूषण एवं पद्मश्री अवार्ड के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू

**लोक टुडे। जयपुर**

केबिनेट सचिवालय राजस्थान सरकार जयपुर के आदेशानुसार प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को पदम विभूषण, पदम भूषण एवं पद्मश्री अवार्ड देने के लिए उपयुक्त नामांकन प्रेषित करने के लिए निर्देश दिए गए हैं। उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों के पदम पुरस्कारों के लिये ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया शुरू है तथा नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है।

# जयपुर में होटल रमाडा और मैरियट सील, 2 घंटे बाद फिर खोले

**लोक टुडे। जयपुर**

जयपुर नगर निगम ने यूडी टैक्स जमा नहीं करवाने पर शहर के दो बड़े होटल ग्रुप पर कार्रवाई की। 2 घंटे बाद होटल मैनेजमेंट ने बकाया यूडी टैक्स जमा करवा दिया। इस पर निगम ने सील की सम्पत्तियों को खोल दिया। मालवीय नगर जोन एरिया में सोमवार को रेवेन्यू टीम ने जवाहर सर्किल के पास होटल मैरियट पर कार्रवाई की। ग्रुप का 5.97 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया होने पर सुबह होटल के बाहर बने लग्जरी कार शोरूम और एक रेस्टोरेंट पर कुर्की करते हुए उनको सील कर दिया। इसी तरह टीम ने राजापार्क स्थित होटल रमाडा पर भी कार्रवाई की। इस ग्रुप पर 1.36 करोड़ रुपए का यूडी टैक्स बकाया चल रहा था। इसके चलते टीम ने होटल ग्रुप की कुछ सम्पत्तियों को सील किया।

**बकाया टैक्स जमा करवाने पर छोड़ी सम्पत्ति**

मालवीय नगर जोन उपायुक्त मुकुट सिंह के मुताबिक होटल रमाडा और मैरियट ग्रुप मैनेजमेंट ने कार्रवाई के करीब 2 घंटे बाद नगर निगम दफ्तर आकर बकाया टैक्स राशि का चैक जमा करवाया। इसके बाद इन दोनों ही ग्रुप की सील की गई सम्पत्तियों को खोल दिया गया। मालवीय नगर जोन के राजस्व अधिकारी पवन मीणा ने बताया- मैरियट होटल के बाहर बने कार शोरूम, रेस्टोरेंट के होटल प्रबंधन ने साल 2007 से यूडी टैक्स जमा नहीं करवाया था। इसके लिए उसे कई बार नोटिस दिए, लेकिन जमा नहीं करवाया। आज जब सम्पत्ति को सील किया तो टैक्स जमा करवाया गया। इसी तरह होटल रमाडा के टैक्स को लेकर लंबे समय से विवाद था, जिसके कारण होटल प्रबंधन ने टैक्स जमा नहीं करवाया था।

# 4 साल से बांट रहा था फर्जी नौकरियां ; अब तक 30 पीड़ितों को ठगा, 200 लोगों से करोड़ों रुपए वसूले

**लोक टुडे। जालोर**

जालोर में नगर निकायों में सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के मामले में अब तक 30 पीड़ित सामने आए हैं। आरोपी राकेश जीनगर पिछले चार साल से नेटवर्क चला रहा था और 200 लोगों से 3 से 10 लाख रुपए लेकर 12 से 15 करोड़ रुपए तक वसूलने का आरोप है। शनिवार को 3 पीड़ितों ने कोतवाली में एफआईआर दर्ज करवाई। पुलिस बयान दर्ज कर जांच कर रही है, जबकि आरोपी अभी फरार है। मामले में 19 और पीड़ित सामने आए हैं, जिससे कुल संख्या 30 हो गई है। इससे पहले 11 पीड़ितों से 56 लाख रुपए वसूले जाने की जानकारी सामने आई थी। पीड़ितों ने बताया कि उनसे 2.5 लाख से लेकर 7 लाख रुपए तक लिए गए।

**नियुक्ति पत्र देकर ज्वाइनिंग तक करवाई :** आरोप है कि आरोपी ने कुछ लोगों को भरोसे में लेने के लिए फर्जी नियुक्ति पत्र दिए और उन्हें ज्वॉइनिंग भी करवाई। अन्य शिकायतों को भी इसी केस में जोड़कर जांच की जा रही है।

**200 लोगों से करोड़ों रुपए लेने का आरोप :** फिलहाल पुलिस परिवादियों के बयान दर्ज कर रही है। आरोपी राकेश जीनगर की अभी तक गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। एफआईआर की माने तो नौकरी लगाने के नाम पर राकेश करीब 200 लोगों से 3 से 10 लाख रुपए तक वसूल कर करीब 12 से 15 करोड़ रुपए की ठगी कर चुका है। पुलिस ने इन मामलों की जांच में जुटी है।

**नगर निकाय रिकॉर्ड में एक भी नियुक्ति नहीं :** ठग राकेश ने जालोर नगर परिषद के अलावा कई नगर निकायों में लोगों को फर्जी नियुक्तियां बांट दीं। कमाल की बात यह है कि उसका नियुक्ति पत्र एक भी नगर निकाय के इनवर्ड व आउट-वर्ड (आवक-जावक) रजिस्टर में नहीं है।

# आंगनबाड़ी को बड़ी सौगात ; दो यूनिफॉर्म के लिए 1-1 हजार की राशि खातों में ट्रांसफर

**लोक टुडे। जयपुर**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित कार्यक्रम में 1 लाख 22 हजार आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को दो यूनिफार्म के लिए 1-1 हजार रुपए डीबीटी के माध्यम से सीधे उनके बैंक खातों में हस्तांतरित किए। इस दौरान शर्मा ने प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाडो प्रोत्साहन योजना, कालीबाई भील योजना के लाभार्थियों को भी चैक सौंपे। शर्मा ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नौनिहालों का पूरा ध्यान रखती हैं और वे इस भावी पीढ़ी की नींव को मजबूत कर राष्ट्र निर्माण में बड़ी भूमिका निभा रही हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने पिछले दो वर्ष में आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण के लिए कई निर्णय लिए हैं। हमारी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, मिड डे मील कुक कम हेल्पर सहित समस्त मानदेय कर्मियों के मानदेय में 10 प्रतिशत की वृद्धि की है जो 1 अप्रैल 2026 से प्रभावी हो जाएगी। उन्होंने कहा कि अमृत आहार योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में 3 से 6 वर्ष आयु के बच्चों को सप्ताह में 5 दिन गर्म दूध दिया जा रहा है तथा आंगनबाड़ियों के सुदृढ़ीकरण-मरम्मत का कार्य भी करवाया जा रहा है।



उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और महिला पर्यवेक्षकों को स्मार्ट फोन दिए गए हैं। साथ ही, आगामी समय में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की आंखों की निःशुल्क जांच एवं चश्मा भी उपलब्ध करवाया जाएगा। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता छोटे बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में बड़ी भूमिका निभाती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला सशक्तीकरण को नए आयाम दिए है। लखपति दीदी, सोलर दीदी, बैंक सखी जैसी योजनाओं से महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं के उत्थान के लिए ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। राज्य सरकार महिलाओं की शिक्षा, कौशल, सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने आंगनबाड़ी केंद्रों में वर्ष भर आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के वार्षिक कैलेंडर का भी विमोचन किया। इस दौरान महिला बाल विकास राज्यमंत्री मंजू बाघमार, शासन सचिव महिला एवं बाल विकास श्रीमती पूनम सहित विभिन्न अधिकारी एवं बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं एवं सहायिकाएं मौजूद रहीं।

**मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान में दे अपने सुझाव :** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का मानना है कि गांवों में बुनियादी सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से ही सशक्त-आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया जा सकता है। इसी को ध्येय मानते हुए राज्य सरकार द्वारा 19 मार्च से 15 मई तक मुख्यमंत्री विकसित ग्राम-वार्ड अभियान का संचालन किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत राज्य की सभी ग्राम पंचायतों और नगरीय वार्डों के लिए स्थानीय आकांक्षाओं के अनुरूप विकास का रोडमैप तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी इस पहल में हिस्सा लेते हुए गांवों के विकास को लेकर सुझाव दे तथा अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं।

# दो राज्यपाल की मुलाकात



**लोक टुडे। जयपुर**

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से सोमवार को त्रिपुरा के राज्यपाल एन. इंद्रसेना रेड्डी ने लोकभवन पहुंचकर मुलाकात की। इस दौरान दोनों ने विभिन्न विषयों पर चर्चा की। राज्यपाल से उनकी यह शिष्टाचार भेंट थी।

### पूर्व मंत्री बोले- अकजनरेटेड वीडियो मेरे खिलाफ साजिश; पत्नी बोलीं- ये संवेदनहीनता है

# बीकानेर कांग्रेस में रामेश्वर डूडी पर टिप्पणी से विवाद

**लोक टुडे। बीकानेर**

राजस्थान में कांग्रेस की अंदरूनी राजनीति एक बार फिर चर्चा में है। पूर्व कैबिनेट मंत्री गोविंद राम मेघवाल के एक कथित बयान को लेकर विवाद खड़ा हो गया है, जिसमें दिवंगत नेता रामेश्वर डूडी पर आपत्तिजनक टिप्पणी के आरोप लगे हैं। इस मामले को लेकर डूडी की पत्नी नोखा विधायक विधायक सुशीला डूडी और समर्थक नेताओं ने नाराजगी जताते हुए पार्टी आलाकमान से मेघवाल पर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मेघवाल ने इन आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे अपने खिलाफ साजिश बताया है और वायरल वीडियो को एआई से तैयार किया गया बताया है। रामेश्वर डूडी की पत्नी ने कहा-आज मेरे पति संसार में नहीं है, ऐसे में उन पर इस तरह की टिप्पणी करना संवेदनहीनता है। मेरे पास पार्टी कार्यकताओं के फोन आ रहे हैं, उनमें आक्रोश है।



**जागरण में बातचीत का वीडियो बना विवाद की वजह**

जानकारी के अनुसार, हाल ही में एक गांव में जागरण के दौरान हुई अनौपचारिक बातचीत का एक वीडियो सामने आया है। इसमें गोविंद मेघवाल कांग्रेस की चुनावी हार का जिक्र करते नजर आ रहे हैं। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने रामेश्वर डूडी के लिए आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया और कहा कि थोड़ा सहयोग मिलता तो जीत संभव थी।

**ये भी लगाया आरोप**

गोविंदराम ने कहा- रामेश्वर डूडी ने ही अर्जुनराम मेघवाल के सामने एक बार मदन गोपाल मेघवाल और एक बार शंकर पन्नू को टिकट दिलवाया था। दोनों कमजोर प्रत्याशी थे, इसलिए अर्जुनराम जीत गए। जब मैंने नोखा में भाजपा से विधायक का चुनाव लड़ा, तब भी कांग्रेस नेता डूडी ने उन्हें वोट दिया था।

**मेघवाल बोले- वीडियो बनाकर शेयर करना अनुशानहीनता है**

विवाद बढ़ने पर गोविंद मेघवाल ने सफाई देते हुए इसे अपने खिलाफ साजिश बताया। मुझे सोशल मीडिया के माध्यम से इस तरह के वीडियो से दबाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में पंचायत चुनाव हैं, ऐसे में भाजपा स्थानीय स्तर पर समीकरण बिगाड़ने का प्रयास कर रही है। ये अनुशानहीनता है, इनसे बचना चाहिए। 2003 में डूडी जी रेवतराम से नाराज थे। वे मेरे साथ थे, जिससे नोखा सीट पर जीत हुई थी। अभी सुशीला डूडी को नोखा से चुनाव जिताने के लिए पूरा प्रयास किया। रामेश्वर डूडी इस दुनिया से चले गए, हमें भी जाना है, लेकिन इस बात का दुख है कि अपने ही लोग ऐसा कर रहे हैं। पूर्व मंत्री गोविंद राम मेघवाल ने कहा कि अशोक गहलोत ने मुझे पार्टी में लेकर मंत्री बनाया। मैं पार्टी को छोड़ने की सोच भी नहीं सकता हूं। अगर मुझे जेल भी जाना पड़े तो जाऊंगा, लेकिन संगठन को मजबूत करूंगा।

**डोटासरा ने पहले कराया था समझौता**

रामेश्वर डूडी और गोविंद राम मेघवाल के बीच लंबे समय से चले आ रहे विवाद को खत्म करने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने पहले समझौता कराया था। मेघवाल के अनुसार, हेलीकॉप्टर में हुई बातचीत के बाद दोनों के बीच सहमति बनी थी और उसके बाद उन्होंने डूडी का विरोध नहीं किया।

**पत्नी बोलीं - सार्वजनिक जीवन में ऐसे वक्तव्य नहीं देने चाहिए**

रामेश्वर डूडी की पत्नी सुशीला डूडी ने कहा- मेरे पति रामेश्वर डूडी ने सभी कौमों को साथ लेकर बीकानेर के विकास का प्रयास किया है। दलित समाज के लोगों को प्रमुख बनाने में उनकी अहम भूमिका रही। आज मेरे पति संसार में नहीं हैं, ऐसे में उन पर इस तरह की टिप्पणी करना संवेदनहीनता है।

**पार्टी आलाकमान से कार्रवाई की मांग**

इस मामले के बाद डूडी समर्थक नेताओं में भारी नाराजगी देखी जा रही है। डूडी की पत्नी नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात कांग्रेस अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और शहर कांग्रेस अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने गोविंद मेघवाल पर कार्रवाई करने की मांग की है। इन नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात कर कार्रवाई की मांग भी रखी। इसके बाद गोविंद मेघवाल ने भी गहलोत से मिलकर अपना पक्ष रखा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मिलकर नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने पूर्व विधायक गोविंद राम मेघवाल के वीडियो व बयान की शिकायत दर्ज कराई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मिलकर नोखा विधायक सुशीला डूडी, देहात अध्यक्ष बिशनाराम सियाग और शहर अध्यक्ष मदन गोपाल मेघवाल ने पूर्व विधायक गोविंद राम मेघवाल के वीडियो व बयान की शिकायत दर्ज कराई।

## क्राइम फाइल्स

# 10 दिन से लापता साले-बहनोई के शव कुएं में मिले

**लोक टुडे। अजमेर**

अजमेर जिले के भिनाय थाना क्षेत्र के जैतपुरा गांव में सोमवार सुबह 11 बजे एक कुएं से दो नवयुवकों के शव बरामद किए गए। दोनों युवक 20 मार्च से लापता चल रहे थे। आसपास के इलाके में तेज बदबू फैलने पर ग्रामीणों को शक हुआ, जिसके बाद उन्होंने तलाश शुरू की। तलाशी के दौरान दोनों के शव कुएं में मिले। ग्रामीणों ने जब शवों को बाहर निकाला तो वह बहुत ही खतरनाक स्थिति में मिल दोनों की आंखे बाहर निकली हुई, चेहरे और सिर पर खून के निशान, कई दिनों से कुएं में होने से बॉड़ी फूली हुई दिखी। चश्मदीदों के अनुसार पहली नजर में शवों को देखकर लगता है कि किसी की उनके साथ हाथापाई हुई और बाद में मारकर कुएं में फेंक दिया हो। भिनाय थाने के एएसआई रामाकिशन ने बताया कि मृतक सुरेन्द्र पुत्र पप्पू (उम्र 26) निवासी सूपा केकड़ी और मृतक विष्णु पुत्र रामेश्वर (उम्र 16) जैतपुरा के रहने वाले थे। सुरेन्द्र जीजा व विष्णु साला था। दोनों की बाइक भी कुएं में मिली है। फिलहाल, अजमेर से एफएसएल टीम मौके पर पहुंची है और साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं।

# मामूली कहासुनी में रिटायर्ड फौजी की चाकू मारकर हत्या

**लोक टुडे। झुंझुनूं**

झुंझुनूं में रिटायर्ड फौजी की उसके गांव के युवक ने चाकू (छुरा) घोंपकर हत्या कर दी। मर्डर करने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना चिड़ावा थाना क्षेत्र के बामनवास में रविवार रात करीब 8:30 बजे की है। आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस की टीमें गठित की गई हैं। इधर, घटना के विरोध में सोमवार सुबह 8 बजे से ग्रामीण न्यू नेशनल हाईवे-11 दिल्ली-बीकानेर जाम करके बैठे हैं। नेशनल हाईवे जाम होने की वजह से वाहनों की लंबी लाइन लग गई। बामनवास गांव में 9 थानों की पुलिस और फ्अउ का जाब्ता तैनात किया गया है। झुंझुनूं एएसपी फूलचंद ने बताया- रिटायर्ड फौजी उदयवीर सिंह (50) की बामनवास गांव में पशु आहार की दुकान है। गांव से 2 किलोमीटर दूर उदयवीर ने खेत में अपना मकान बना रखा है। उदयवीर अक्सर रात में टहलते हुए अपनी दुकान की ओर आया करते थे। रविवार रात 8:30 बजे जब उदयवीर अपनी दुकान की ओर जा रहे थे तो 100 मीटर पहले उन्हें बामनवास गांव निवासी अकरम मिल गया। इस दौरान दोनों के बीच किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। बात इतनी बढ़ गई कि अकरम ने अपने घर से चाकू लाकर उदयवीर के पेट में घोंप दिया। अकरम ने लगातार तीन बार उदयवीर के पेट में चाकू घोंपा। उदयवीर लहुलूहान होकर गिर पड़े।

# झूला टूटने से बच्ची का सिर फटा जबड़ा और नाक की हड्डी टूटी

**लोक टुडे। जयपुर**



जयपुर में अपार्टमेंट के पार्क में झूला टूटने से एक बच्ची का सिर फट गया। बच्ची के जबड़ा और नाक की हड्डी टूट गई। घटना हरमाड़ा के सीकर रोड पर सनसिटी स्थित मैक्स हाईट अपार्टमेंट की है। इसका वीडियो भी सामने आया है। एसएचओ उदय यादव ने बताया- अपार्टमेंट में रहने वाली विजय लक्ष्मी शर्मा ने शिकायत दर्ज करवाई है। रविवार को उनकी भतीजी परिवार के साथ मिलने घर आई थी। शाम 4 बजे भतीजी की 12 साल की बेटी आशी पारीक अपार्टमेंट परिसर के ग्राउंड फ्लोर पर लगे झूले पर झूलने चली गई। झूला झूलते समय अचानक टूट गया। इससे वह जमीन पर दूर जाकर गिरी। झूला टूटने पर उसमें लगे पाइप बच्ची के ऊपर आकर गिरा। झूला टूटने से घायल हुई बच्ची की चिल्लाने की आवाज सुनकर ग्राउंड फ्लोर पर मौजूद लोग पहुंचे। झूले के नीचे दबी बच्ची को जैसे-तैसे बाहर निकाला। परिजन बच्ची को अस्पताल ले गए। घरवालों ने हरमाड़ा थाने में मामला दर्ज करवाया है। आरोप है कि झूले और अन्य सुविधाओं के मेंटेनेंस को लेकर वे कई बार सोसायटी को शिकायत कर चुके थे, लेकिन मैनेजमेंट पर कभी ध्यान नहीं दिया। इसी लापरवाही के चलते यह हादसा हुआ।

# बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजना रखरखाव कार्य निर्धारित समय से पहले पूरा

**लोक टुडे। जयपुर**



जलदाय मंत्री कन्हैयालाल के नेतृत्व में जलदाय विभाग की टीम ने बीसलपुर-जयपुर पेयजल परियोजना के अंतर्गत प्रस्तावित रखरखाव कार्य को निर्धारित शटडाउन अवधि से पहले ही पूर्णकर एक उपलब्धि हासिल की है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता क्षेत्र द्वितीय जयपुर अजयसिंह राठौड़ ने बताया कि विभाग द्वारा 28 मार्च 2026 को रात्रि 8:00 बजे से 29 मार्च 2026 को रात्रि 8:00 बजे तक आवश्यक रखरखाव कार्यों हेतु शट-डाउन प्रस्तावित किया गया था। पूर्व निर्धारित कार्य योजना के अनुसार सभी कार्यों को समयबद्ध तरीके से निष्पादित किया गया, जिसके परिणामस्वरूप कार्य निर्धारित समय से पहले ही पूर्ण कर लिया गया।

**समय से पूर्व शुरू हुआ पम्प संचालन :** सभी कार्य समय पर पूर्ण होने के बाद 29 मार्च को दोपहर 2:30 बजे बीसलपुर इनटेक पम्प हाउस से पम्प संचालन प्रारंभ कर दिया गया। इसके बाद सूरजपुरा फिल्टर प्लांट से जल शोधन कर शाम 4:50 बजे जयपुर शहर हेतु पेयजल पंपिंग आरम्भ कर दी गई है। एवं रात्रि 9 बजे पेयजल जयपुर स्थित बालाबाला पम्पहाउस पर पहुंच गया।

**ट्रांसमिशन पाइपलाइन एवं प्रमुख स्थलों पर किए गए कार्य :** शटडाउन अवधि के दौरान बीसलपुर इनटेक, पम्प हाउस एवं सूरजपुरा फिल्टर प्लांट से जयपुर तक ट्रांसमिशन पाइपलाइन पर महत्वपूर्ण कार्य किए गए। इनमे 26 किमी एवं 5 किमी चौनेज पर लीकेज निवारण, वीटी पम्प संख्या 2 के एनआरवी गैस्केट की मरम्मत, वीटी पम्प संख्या 7 के स्लुइस वाल्व की मरम्मत, सूरजपुरा फिल्टर प्लांट के सभी रिसीविंग चौंबर एवं चौनलों की सफाई, 33 केवी विद्युत प्रणाली, केमिकल एवं अन्य आवश्यक रखरखाव कार्य रेनवाल पम्पिंग स्टेशन पर कार्य, रेनवाल पम्पिंग स्टेशन पर सामान्य विद्युत एवं अन्य रखरखाव कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किए गए।

# रिटायर्ड टीचर दंपती की पीट-पीटकर हत्या



**लोक टुडे। ब्यावर**

ब्यावर में रिटायर्ड शिक्षक दंपती की सरिये से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। घर में पति-पत्नी ही थे। उनका बेटा नौकरी के सिलसिले में शहर से बाहर था। रविवार रात करीब 8 बजे क्षेत्र में पानी सप्लाई के दौरान उनके घर से लगातार पानी बहता रहा। काफी देर तक पानी बंद नहीं होने पर पड़ोसियों को शक हुआ। उन्होंने दंपती के एक रिश्तेदार को सूचना दी। रिश्तेदार मौके पर पहुंचे तो घर के अंदर पति-पत्नी के शव लहूलुहान हालत में पड़े मिले। पास में ही सरिया भी पड़ा हुआ था। मामला साकेत नगर थाना क्षेत्र के सेन्दड़ा रोड स्थित सोहन नगर का है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बदमाशों ने सरिए से विनोद कुमार शर्मा (68) और उनकी पत्नी पूर्णिमा शर्मा (65) पर वार किया। सूचना मिलते ही एसपी रतन सिंह, एएसपी भूपेंद्र कुमार, डीएसपी राजेश कसाना मौके पर पहुंची। घटनास्थल का निरीक्षण किया। देर रात तक पुलिस टीम जांच में जुटी रही। अजमेर से फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी की टीम को बुलाकर सबूत जुटाए। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज भी खंगाले गए। पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया है। एएसपी भूपेंद्र कुमार शर्मा ने बताया- डबल मर्डर मामले में आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है।

# नेशनल हाईवे पर 75 मीटर निर्माण तोड़ने का विरोध

**लोक टुडे। सीकर**




सभी नेशनल हाईवे को 75 मीटर चौड़ा करने के कोर्ट के आदेश का विरोध शुरू हो गया है। सोमवार को सीकर में जयपुर-बीकानेर बाईपास के व्यापारियों ने कलेक्टर को सीएम के नाम ज्ञापन देकर कोर्ट के आदेश को काला कानून बताया है। व्यापारियों ने कहा कि पहले तय नियमों के मुताबिक जगह छोड़कर निर्माण किया था, उसके अलावा 1 इंच जमीन भी नहीं देंगे। सरकार ने इस आदेश की पालना को वापस नहीं लिया तो बड़ा आंदोलन होगा। व्यापारी महेश व नेमीचंद ने कहा कि नेशनल हाईवे को 75 मीटर करने के नाम पर आमजन की संपत्ती में तोड़फोड़ की जा रही है, नेशनल हाईवे की चौड़ाई निर्धारित करने का कोई ऑथोराइज डाटा नहीं है, बिना सेंटर लाइन के निर्धारण के 75 मीटर सीमा लागू करना पूरी तरह मनमाना व अवैध है। सड़क चौड़ी करने के लिए अतिक्रमण के साथ प्राईवेट प्रॉपर्टी को भी तोड़ा जा रहा है। निजी स्वामित्व कानून के आधार पर प्राइवेट प्रॉपर्टी को अतिक्रमण नहीं माना जा सकता है। व्यापारियों ने कहा कि निर्माण तोड़ने के लिए मुआवजा भी निर्धारित नहीं किया गया है। ऐसी कार्रवाई से लोगों को आर्थिक व मानसिक तौर पर परेशान होना पड़ेगा। नेशनल हाईवे के आसपास बसे लोगों ने आज ज्ञापन देकर, 75 मीटर तक निर्माण हटाने की कार्रवाई निष्पक्षता से करवाने, दोषी अधिकारियों/कर्मचारियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।

# महिला प्रोफेसर बोलीं-PhD स्टूडेंट पीछा करता

**लोक टुडे। कोटा**

कोटा में महिला प्रोफेसर ने पूर्व पार्षद और PhD स्टूडेंट ओम गुंजल के खिलाफ थाने में शिकायत दी है। महिला प्रोफेसर ने कहा- ओम गुंजल पिछले कई दिनों से मुझे लगातार परेशान कर रहा है। मेरा पीछा भी करता है। आरोपी कई बार मेरी मल्टीस्टोरी बिल्डिंग तक पहुंच जाता है और शराब के नशे में फ्लैट में जबरदस्ती घुसने की कोशिश करता है। इतना ही नहीं, वह बार-बार बेल बजाकर मुझे डराने का प्रयास करता है। जान से मारने की धमकियां भी देता है। रक रमेश कविया ने बताया- महिला की शिकायत के आधार पर पूर्व पार्षद ओम गुंजल के खिलाफ धमकाने-ब्लैकमेलिंग का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपी पर महिला का पीछा करने, फ्लैट तक पहुंचने और जबरन घर में घुसने की कोशिश करने जैसे गंभीर आरोप हैं। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। एसआई प्रताप सिंह ने बताया- महिला ने रविवार रात में ही शिकायत दी है, अभी इस पर महिला के बयान बाकी हैं। उसके बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

टाइम्स
www.pktimesnews.com

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com



जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार

जयपुर, मंगलवार, 31 मार्च, 2026

फिल्म निमार्ता भट्ट के फ्रीज खातों पर हाईकोर्ट का फैसला, कहा-

# रोक विवादित राशि तक ही होनी चाहिए, पूरे अकाउंट को ब्लॉक करना गलत

**लोक टुडे। जोधपुर**

हाईकोर्ट ने फिल्म निमार्ता श्वेतांबरी विक्रम भट्ट के बैंक खातों को फ्रीज करने के संबंध में फैसला सुनाया है। न्यायालय ने फैसले में कहा- जांच एजेंसी के निर्देश पर बैंकों द्वारा पूरे खाते को ब्लॉक करना अनुचित है। पुलिस केवल विवादित राशि की सीमा तक ही खातों के डेबिट संचालन पर रोक लगा सकती है। जज फरजंद अली की अदालत में 19 मार्च को यह सुनवाई हुई, जिसका आदेश 28 मार्च को अपलोड हुआ। दरअसल, मुंबई निवासी फिल्म निमार्ता श्वेतांबरी विक्रम भट्ट और विक्रम प्रवीण भट्ट के खिलाफ उदयपुर के डॉ. अजय मुरडिया ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी, जिसमें 30 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगाया गया था।

### खातों पर रोक से गहराया आर्थिक संकट

उदयपुर पुलिस के उपाधीक्षक और जांच अधिकारी छगन पुरोहित के निर्देश पर बैंकों ने याचिकाकर्ता भट्ट दंपती के सभी बचत खातों को पूरी तरह से ब्लॉक कर दिया था। मामले में याचिकाकताओं के वकील ने पैरवी करते हुए तर्क दिया कि प्राप्त की गई राशि वैध पेशेवर फीस थी। पुलिस ने कानून की उचित प्रक्रिया का पालन किए बिना खातों को फ्रीज करने की कार्रवाई की है। याचिकाकताओं के वकील ने तर्क दिया कि पूरे खाते 'फ्रीज' होने के कारण वे अपने दैनिक घरेलू खर्च, कर्मचारियों का वेतन, कर्ज की किश्तें, व्यापारिक प्रतिबद्धताएं और चिकित्सा जैसी बुनियादी जरूरतों का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनका आर्थिक जीवन रुक गया है।



### 44.28 करोड़ रुपए का लेनदेन का विवाद

दरअसल, मुंबई निवासी फिल्म निमार्ता श्वेतांबरी विक्रम भट्ट और विक्रम प्रवीण भट्ट के खिलाफ उदयपुर के डॉ. अजय मुरडिया ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इसमें बताया गया कि भट्ट का शिकायतकर्ता के साथ एलएलपी के माध्यम से फिल्मों के निर्माण का व्यावसायिक समझौता हुआ था। 24 मई 2024 को एक 'टर्म शीट' बनी, जिसमें एक बायोपिक के लिए 15 करोड़ और दूसरी फिल्म के लिए 25 करोड़ रुपए सहित कुल 40 करोड़ रुपए का बजट तय किया गया। शिकायतकर्ता का आरोप है बाद में चार फिल्मों के निर्माण के नाम पर 47 करोड़ रुपए का बजट बताकर 7 करोड़ रुपए अतिरिक्त मांगे गए। भारी मुनाफे का प्रलोभन दिया गया। 31 मई 2024 को 2.5 करोड़ रुपए दिए गए और बाद में विभिन्न वेंडरों को लगभग 42.70 करोड़ रुपए का भुगतान किया गया। इसके बाद अप्रैल और जून 2025 के बीच 5.53 करोड़ रुपए और दिए गए, जो कुल मिलाकर लगभग 44.28 करोड़ रुपए हो गए। भारी

### बिना कारण फ्रीजिंग मौलिक अधिकारों का हनन

रिकॉर्ड का अवलोकन करने के बाद कोर्ट ने पाया कि मामले में कथित विवादित राशि लगभग 30 करोड़ रुपए है। कोर्ट ने अपने फैसले में लिखा- बैंक खाते के संचालन पर रोक लगाना एक 'असाधारण उपाय' है, जिसे बहुत कम मामलों में, अत्यंत सावधानी के साथ और विधि में निहित सभी सुरक्षा उपायों के अनुरूप ही अपनाया जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा- किसी खाते और संज्ञेय अपराध के बीच 'प्रथम दृष्टया' सीधा संबंध स्थापित किए बिना उसे 'मैकेनिकल' तरीके से फ्रीज करना संविधान के अनुच्छेद 21 और अनुच्छेद 19(1)(g) के तहत मौलिक अधिकारों में हस्तक्षेप है।

# जोधपुर पॉलिटेक्निक में बनेगा ड्रोन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

राइजिंग राजस्थान के तहत एयरोस्पेस-डिफेंस नवाचार को मिलेगी नई उड़ान

**लोक टुडे। जोधपुर**

राजस्थान सरकार के महत्वाकांक्षी 'राइजिंग राजस्थान' विजन के तहत जोधपुर जल्द ही ड्रोन टेक्नोलॉजी और एयरोस्पेस रिसर्च के एक प्रमुख हब के रूप में उभरेगा। डीप-टेक एजुकेशन और एयरोस्पेस नवाचार को जमीनी स्तर पर बढ़ावा देने के लिए जोधपुर के गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज में अत्याधुनिक एयरोलैब एवं सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर ड्रोन डिजाइन एंड डेवलपमेंट की स्थापना की जा रही है। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए गवर्नमेंट पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रशासन और जोधपुर के ही एक उभरते स्टार्टअप 'ऋग्वैमानिकी टेक्नोलॉजीज' के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इस पहल का मुख्य उद्देश्य किताबी पढ़ाई और इंडस्ट्री की वास्तविक जरूरतों के बीच की खाई को पाटना है,




ताकि युवा छात्रों को भविष्य की तकनीक के लिए तैयार किया जा सके।

**छात्रों को मिलेगी फ्री ट्रेनिंग, डीप-टेक रिसर्च पर फोकस :**
इस प्रोजेक्ट के तहत कॉलेज परिसर में ही एक 'एयरोलैब' विकसित की जाएगी, जहां स्टूडेंट्स सीधे तौर पर ड्रोन आर एंड डी प्रोजेक्ट्स पर काम कर सकेंगे। ऋग्वैमानिकी टेक्नोलॉजीज के संस्थापक जितेश त्रिवेदी ने इस साझेदारी के विजन को साझा करते हुए बताया कि इस सेंटर के जरिए कॉलेज के इच्छुक स्टूडेंट्स को ड्रोन टेक्नोलॉजी से जुड़े कोर्सेज तक फ्री एक्सेस प्रदान की जाएगी। इसका फायदा यह होगा कि एयरोस्पेस और डीप-टेक क्षेत्रों में युवाओं के नए आइडियाज को सीधा प्लेटफॉर्म मिलेगा और वे खुद के रक्षा उपकरण व ड्रोन डिजाइन करने में सक्षम हो सकेंगे। यह सेंटर ऑफ एक्सीलेंस केवल कॉमर्शियल ड्रोन तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसका एक बड़ा फोकस राष्ट्रीय सुरक्षा और डिफेंस सेक्टर की जरूरतों पर भी होगा।

# भारतीय-सेना ने दिखाई स्वदेशी हथियार, ड्रोन और टैंक की ताकत

**लोक टुडे। जैसलमेर**

भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर भारतीय सेना की कोणार्क कॉर्प्स ने राजस्थान के रेगिस्तानी सेक्टर के आगे के इलाकों में युद्ध अभ्यास पूरा किया। यह अभ्यास सुबह से रात 10 बजे तक चला, जिसमें जीओसी लेफ्टिनेंट जनरल ए.वी.एस. राठी ने मौके पर पहुंचकर टैंक, तोप, हेलिकॉप्टर और ड्रोन सिस्टम का निरीक्षण किया। अभ्यास में स्वदेशी हथियारों के साथ सेना की तैयारी और अलग-अलग हालात में काम करने की क्षमता को परखा गया। कोर ने आधुनिक तकनीक और युद्धक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए अपनी बैटल रेडी स्थिति दिखाई। प्रदर्शन के दौरान सेना ने ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम पर विशेष जोर दिया। निगरानी से लेकर सटीक हमला करने तक, ड्रोन्स की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। साथ ही, दुश्मन के ड्रोन्स को बेअसर करने वाली तकनीक का भी सफल परीक्षण किया गया। प्रदर्शन के दौरान सेना ने ड्रोन और काउंटर-ड्रोन सिस्टम पर विशेष जोर दिया। निगरानी से लेकर सटीक हमला करने तक, ड्रोन्स की भूमिका को और अधिक प्रभावी बनाया गया है। साथ ही, दुश्मन के ड्रोन्स को बेअसर करने वाली तकनीक का भी सफल ह्यपरीक्षण किया गया।



**टैंक और मैकेनाइज्ड यूनिट्स की परख :** रेतीले टीलों के बीच टैंकों और बीएमपी गाड़ियों ने अपनी गति और निशाने की क्षमता दिखाई। मैकेनाइज्ड इन्फैंट्री यूनिट्स ने कठिन भूभाग में मूवमेंट और ऑपरेशन को परखा, जिससे अलग-अलग युद्ध परिस्थितियों में काम करने की तैयारी जांची गई।

**आर्टिलरी, हेलिकॉप्टर और काउंटर ड्रोन का इस्तेमाल :**
तोपखाने में बोफोर्स और अन्य आर्टिलरी गन से लक्ष्य पर सटीक मार की क्षमता का परीक्षण किया गया। अटैक हेलिकॉप्टरों ने हवा से जमीन पर हमले का अभ्यास करते हुए तय लक्ष्यों को निशाना बनाया। अभ्यास में ड्रोन और काउंटर ड्रोन सिस्टम पर खास ध्यान दिया गया। ड्रोन से निगरानी और लक्ष्य की पहचान की गई, जबकि काउंटर सिस्टम ने दुश्मन के ड्रोन को निष्क्रिय करने की तकनीक का परीक्षण किया। स्वदेशी अटैक हेलिकॉप्टर प्रचंड और रुद्र को ऊंचाई वाले क्षेत्रों और रेगिस्तान दोनों के लिए डिजाइन किया गया है। इनमें 20 की गन, रॉकेट और हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलें लगी होती हैं। ये हेलिकॉप्टर जमीन पर मौजूद लक्ष्यों पर तेज और सटीक हमला कर सकते हैं। छोटे और मध्यम आकार के ड्रोन निगरानी के लिए लाइव फीड देते हैं। हमलावर ड्रोन सीधे लक्ष्य से टकराकर नुकसान पहुंचाते हैं। काउंटर ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन के सिग्नल को जाम करता है या उन्हें हवा में ही नष्ट कर देता है। छोटे और मध्यम आकार के ड्रोन निगरानी के लिए लाइव फीड देते हैं। हमलावर ड्रोन सीधे लक्ष्य से टकराकर नुकसान पहुंचाते हैं। काउंटर ड्रोन सिस्टम दुश्मन के ड्रोन के सिग्नल को जाम करता है या उन्हें हवा में ही नष्ट कर देता है।

**स्वदेशी हथियारों का प्रदर्शन, मरू संग्राम में इन्होने दिखाई ताकत :**
अभ्यास का प्रमुख फोकस स्वदेशी हथियारों पर रहा। स्ट्रेला-10 सहित कई सिस्टम का इस्तेमाल कर सेना ने आत्मनिर्भरता और नई तकनीक को प्रदर्शित किया। इससे भविष्य के ऑपरेशन में इन सिस्टम की उपयोगिता को परखा गया।

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बयान पर किया पलटवार, बोले -

# मेरा बेटा सीएम निवास पर नहीं रहता था, 'हमें कौन पूछ रहा कौन नहीं' इसकी चिंता सीएम छोड़े

**लोक टुडे। जयपुर**

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के बयान पर पलटवार किया है। गहलोत ने कहा- हमारी बात करते हैं कि हमें कौन पूछ रहा है। नहीं पूछ रहा है। इसकी चिंता उनको नहीं करनी चाहिए। ये हमारी पार्टी के अंदरूनी मामले हैं। आप अपने मुद्दों को देखिए और उनके जवाब दीजिए। उन्होंने कहा- पूर्व मुख्मंत्री के बेटे की बोल रहे हैं। हमने तो अपने बेटे को अलग मकान किराए पर दिलाया था। वो अलग रहे थे। वो मुख्यमंत्री निवास पर नहीं रहे थे। गहलोत जयपुर में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। दरअसल, सीएम भजनलाल शर्मा ने रविवार को जमवारामगढ़ में गहलोत पर तल्ख सियासी कमेंट करते हुए कहा था कि



आजकल दिल्ली में उनको पूछ नहीं रहा है। जिन्हें वे नकारा निकम्मा कहते थे, आजकल उनकी चल रही है। जिन्हें तड़पाया है, अब उनको तड़पने की बारी है।

**गहलोत बाले- विपक्ष क्या पूछ रहा है और आप क्या जवाब दे रहे हो? :**
गहलोत ने कहा- मैं क्या पूछ रहा हूं और वो क्या जवाब दे रहे हैं। मैंने कहा यह बिल्डिंग खड़ी है, इसको जनहित में चालू क्यों नहीं कर रहे हो? और ये जवाब पता नहीं क्या दे रहे हैं। मेरे खुद के समझ में नहीं आ रहा। मुख्यमंत्री को चाहिए वे खुद एक बार पढ़ लें। उनके सलाहकार ऐसे भर्ती किए हैं, उनको निकाल बाहर करो। वे बर्बाद कर देंगे मुख्यमंत्री को। मैं पूछ क्या रहा हूं, जवाब कुछ दे रहे हैं। ऐसा मैंने कभी नहीं देखा। थोड़ी बहुत शर्म भी आनी चाहिए कि हमारे बारे में जनता क्या सोचेगी?

**परिवार के लोगों को राजनीति में लाने कोई हर्ज नहीं है :**
गहलोत ने कहा- परिवार के लोगों को राजनीति में लाने कोई हर्ज नहीं है, मैंने सरकार में दूर रखने के लिए कहा था, उस बात को गोल कर गए। इतना उनको हिट हुआ दिखता है या तो वे अपराध बोध से ग्रसित हो गए हैं। तीन दिन से जोधपुर-जयपुर में कहां-कहां जाकर मेरे बारे में क्या-क्या बोल रहे हैं? मैंने क्या गलत कहा- सरकार से दूर रखो। बदनामी होगी मुख्यमंत्री की, मंत्रियों की सरकार के लिए अच्छा है क्या यह मैंने कहा था। वो जोड़ रहे हैं कि पूर्व मुख्मंत्री के बेटे की क्या कह रहे थे। हमने तो अपने बेटे को अलग मकान किराए पर दिलाया था, अलग रहे थे वो, मुख्यमंत्री निवास पर नहीं रहे थे वो।

# टाइप 1 डायबिटीज उपचार और सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन को मिलेगी मजबूती

**लोक टुडे। जयपुर**

राज्य सरकार प्रदेश में टाइप 1 डायबिटीज के उपचार और सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन को और सुदृढ़ करेगी। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में सचिवालय में सोमवार को आयोजित बैठक में इस संबंध में चर्चा की गई। भारत सरकार के पूर्व स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण (आईएएस सेवानिवृत्त), निदेशक कॉर्पोरेट अफेयर्स दिवाकर मित्तल तथा नोवो नॉर्डिस्क संस्था के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बैठक में डायबिटीज, बच्चों में बढ़ता मोटापा तथा सिकल सेल एनीमिया के समग्र प्रबंधन के एकीकृत मॉडल पर विचार विमर्श किया गया। मुख्य सचिव ने राज्य में टाइप-1 डायबिटीज के प्रभावी प्रबंधन के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस तथा बांसवाड़ा, डूंगरपुर एवं प्रतापगढ़ जैसे जनजातीय जिलों में सिकल सेल एनीमिया कार्यक्रम को प्राथमिकता के साथ सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पीपीपी मोड पर काम करते हुए राज्य में स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच एवं गुणवत्ता दोनों को बेहतर बनाया जा सकता है। बैठक में टाइप–1 डायबिटीज के प्रभावी उपचार के लिए प्रदेश में प्रारंभ किए गए नवाचार मिशन मधुहारीको सुदृढ़ करने के लिए सार्वजनिक-निजी सहभागिता (पीपीपी) मॉडल पर कार्य करने की रूपरेखा भी प्रस्तुत की गई। साथ ही सिकल सेल एनीमिया के लिए हब एंड स्पोक मॉडल अपनाने पर चर्चा की गई। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने टाइप 1 डायबिटीज के प्रभावी उपचार एवं सिकल सेल एनीमिया प्रबंधन की दिशा में चिकित्सा विभाग की ओर से किए गए प्रयासों की जानकारी दी। बैठक में मिशन निदेशक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन डॉ. अमित यादव, निदेशक (आरसीएच) मधु रतेश्वर तथा नोवो नॉर्डिस्क इंडिया की ओर से मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रांत श्रोत्रिय मौजूद थे।

दैनिक लोक टुडे
www.loktodaynews.com
PK टाइम्स
www.pktimesnews.com
जनता की आवाज
विश्वसनीय खबरों का सर्वश्रेष्ठ अखबार



जयपुर, मंगलवार, 31 मार्च, 2026

# जयपुर में चांदी की पालकी तो अजमेर में सोने के रथ पर श्रीजी की सवारी

## जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव पर निकले शोभायात्रा

**लोक टुडे। जयपुर**

जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव मनाया जा रहा है। महोत्सव के तहत सोमवार को जयपुर के परकोटे में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा सुबह 6:30 बजे मनिहारों का रास्ता स्थित महावीर पार्क से शुरू हुई और शहर के प्रमुख बाजारों से गुजरते हुए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के साथ रामलीला मैदान पहुंची। रामलीला मैदान में शोभायात्रा के पहुंचने के साथ ही धर्मसभा आयोजित की जा रही है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजबंधु मौजूद हैं और भगवान महावीर के सिद्धांतों को लेकर संतों के प्रवचन हो रहे हैं।



### 24 पांडुका शिलाओं पर अभिषेक

धर्मसभा के दौरान 24 पांडुका शिलाओं पर भगवान आदिनाथ से लेकर भगवान महावीर तक 24 तीर्थंकरों का अभिषेक किया जा रहा है। इसके साथ ही एक साथ 2625 चंवर ढुलाकर विशेष आयोजन भी किया जा रहा है, जिसे इस साल के महोत्सव की खास पहचान माना जा रहा है।

### रामलीला मैदान में हो रहा आयोजन

रामलीला मैदान पिछले करीब 70 साल से महावीर जयंती समारोह का प्रमुख केंद्र रहा है। यहां अब तक 14 हजार से ज्यादा साधु-साध्वियां भगवान महावीर के संदेश को समाज तक पहुंचा चुके हैं। इस बार धर्मसभा में आचार्य वर्धमान सागर और आचार्य प्रज्ञा सागर के सान्निध्य में 41 साधु-साध्वी प्रवचन दे रहे हैं।

### 24 स्वर्ण जड़ित रथ और झांकियां बनी आकर्षण का केंद्र

इस बार शोभायात्रा में पहली बार 24 तीर्थंकरों के स्वर्ण जड़ित 24 रथ शामिल किए गए, जो पूरे मार्ग में आकर्षण का केंद्र रहे। भगवान महावीर को चांदी की पालकी में विराजमान किया गया। शोभायात्रा की शुरूआत भगवान आदिनाथ के रथ से हुई, जबकि अंत में भगवान महावीर स्वर्ण जड़ित रथ में शामिल रहे। मार्ग में भगवान महावीर के जीवन पर आधारित ज्ञानवर्धक और संदेशात्मक झांकियां भी प्रस्तुत की गईं।



### शोभायात्रा में सजाई 40 झांकियां

अजमेर। अजमेर में जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। केसरगंज स्थित श्री 1008 पार्श्वनाथ दिगंबर जैसवाल जैन मंदिर से शोभायात्रा शुरू हुई। शोभायात्रा में जैन धर्म की आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक वैभव को दशार्ती हुई झांकियां सजाई गई। महिला पुरुष व बच्चों ने भजनों पर झांस किया। जगह जगह विभिन्न समाज व संगठनों की ओर से स्वागत किया गया। शोभायात्रा में सेठ भागचंद सोनी परिवार द्वारा निर्मित स्वर्ण रथ पर श्रीजी की सवारी विराजमान रही। इसके साथ ही 13 अन्य रथ भी शामिल रहे। निर्यापक मुनि योग सागर महाराज ससंघ शामिल हुए। शोभायात्रा में महिलाएं केसरिया साड़ी और पुरुष श्वेत वस्त्रों में शामिल हुए। अलग-अलग स्थानों से आए बैंड दल अपनी मधुर धुनों की प्रस्तुति दी। केन्द्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी भी शामिल हुए।

### अजमेर में देश का सबसे बड़ा सोने का रथ

श्रीजी की सवारी सोने के रथ पर निकाली गई। देश का सबसे बड़ा सोने का रथ अजमेर में है। करोड़ों के इस रथ को साल में एक बार महावीर जयंती पर निकाला जाता है। करीब डेढ़ सौ साल पहले इसे दिल्ली के कारीगरों ने बनाया था। करीब 25 साल पहले इसके मेंटेनेंस पर 25 लाख रुपए खर्च हुए थे। श्रद्धालु ने इसे हाथों से खींचा। रथ का बेसिक स्ट्रक्चर लकड़ी और तांबे का है। रथ के ऊपर सोने की परत चढ़ाई गई है। रथ के मुख्यतः तीन पार्ट्स हैं। इसमें आगे की तरफ घोडे, पीछे बग्गी और गुंबदनुमा छत है। इसके अलावा इसके अलग-अलग 51 पार्ट्स हैं। महावीर जयंती से कुछ दिन पहले ही ट्रस्ट के सदस्यों की देखरेख में रथ के पार्ट्स को असेंबल किया जाता है। रथ यात्रा समाप्त होने के बाद वापस इनके पार्ट्स को अलग-अलग कर दिया जाता है।

# शादी के बंधन में बंधे आईपीएस केके विश्नोई और अंशिका

**लोक टुडे। जयपुर**

राजस्थान मूल के IPS अफसर व संभल (यूपी) एसपी कृष्ण कुमार (केके) बिश्नोई और बरेली SP अंशिका वर्मा रविवार रात जोधपुर में शादी के बंधन में बंध गए। अंशिका, केके बिश्नोई को वरमाला पहनाने के लिए जैसे ही आगे बढ़ीं, वो पहले पीछे हटे फिर घुटनों पर बैठकर माला पहन ली। जब बिश्नोई वरमाला पहनाने लगे, तो अंशिका ने सिर झुका लिया। इस दौरान बैकग्राउंड में कैलाश खेर का गाना- ओ री सखी मंगल गाओ रीङ्घ बजता रहा। इसके बाद दोनों एक दूसरे का हाथ थामा, फिर गले लगाया। वहीं हाथ थामकर लोगों का अभिवादन स्वीकार किया, फिर बिश्नोई, अंशिका का हाथ थामे ही मंच से उतरे।



**पहले रेंज रोवर, फिर घोड़ी से बारात लेकर पहुंचे संभल SP :** रविवार को दोपहर 12 बजे बारात बाड़मेर के धोरीमन्ना से रवाना हुई। जो रात को 8 बजे बारात जोधपुर के अजीत भवन पहुंची। IPS केके बिश्नोई पहले रेंज रोवर कार से कुछ दूर गए। फिर घोड़ी पर सवार हुए। पूरे रास्ते बारातियों ने जमकर डांस किया। बिश्नोई के पिता सुजाना राम बिश्नोई ने भी बारातियों का साथ दिया। इसके बाद द्वारचार हुआ। इससे पहले बाड़मेर में केके बिश्नोई रविवार दोपहर 12 बजे सज-धज कर अपने घर से बाहर निकले। उन्होंने शेरवानी पहन रखी थी। बहन ने मिठाई खिलाई। हाथ में तलवार, काला चश्मा लगाकर बिश्नोई स्वैग के साथ घोड़ी पर बैठे। मंदिर गए और पूजा की। रास्ते में ढोल-नगाड़ों की धुन पर घर की महिलाएं डांस करती रहीं। फिर बारात बाड़मेर से जोधपुर के लिए रवाना हुई। शाम करीब 6 बजे बिश्नोई बारात लेकर राजस्थान के धोरीमन्ना बाड़मेर से 250 किलोमीटर दूर जोधपुर पहुंचे। शादी की थीम कृष्णांशिका रखी गई। आज होगा लहरिया रिसोर्ट में रिसेप्शन सोमवार शाम को लहरिया रिसोर्ट में आईपीएस के.के. विश्नोई और अंशिका वर्मा का रिसेप्शन लहरिया रिसोर्ट में हुआ। इसमें कई नेता और विभागों के अधिकारी समेत अन्य लोग पहुंचे।

# बालोतरा-पचपदरा रेललाइन को लेकर ग्रामीणों का कलेक्ट्रट पर प्रदर्शन

**लोक टुडे। बालोतरा**

बालोतरा जिले के पचपदरा कस्बे में पुरानी रेलवे लाइन को लेकर सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण और जनप्रतिनिधि जिला मुख्यालय पहुंचे। लोगों ने कलेक्ट्रेट के बाहर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में पुरानी लाइन को बहाल करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने रेल बचाओ आंदोलन की चेतावनी भी दी है। प्रदर्शनकारियों ने बालोतरा से पचपदरा होते हुए रिफाइनरी तक पुरानी रेलवे लाइन को आरक्षित भूमि से जोड़कर पुनः शुरू करने की मांग की। उनका कहना है कि केंद्र सरकार द्वारा पचपदरा क्षेत्र में निमार्णाधीन रिफाइनरी को पुरानी रेलवे लाइन से जोड़ने का निर्णय स्वागत योग्य है। इससे क्षेत्र के विकास को गति मिलेगी। निर्मल लुंकड ने बताया कि इस रेलमार्ग की शुरूआत अंग्रेजी शासन के दौरान वर्ष 1938 में बालोतरा से पचपदरा तक नमक परिवहन के लिए हुई थी। उस समय स्थानीय भामाशाह सेठ गुलाबचंद सालेचा ने अपनी निजी संपत्ति गिरवी रखकर इस परियोजना को साकार किया था।



**1990 की बाढ़ के बाद बंद कर दिया था :** यह रेललाइन कई वर्षों तक संचालित हुई, लेकिन 1990 में आई बाढ़ के बाद इसे बंद कर दिया गया था। जानकारी के अनुसार बालोतरा से पचपदरा तक पुरानी रेललाइन के लिए जमीन पहले से ही रेलवे के नाम आरक्षित है। हाल ही में उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल की एक टीम ने इस क्षेत्र का सर्वे कर सीमांकन किया है। इसके बाद अतिक्रमणकारियों को नोटिस भी जारी किए गए हैं।

**नई लाइन प्रस्ताव पर विरोध :** लोगों ने आरोप लगाया कि हाल ही में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव के समक्ष एक प्रतिनिधिमंडल द्वारा तिलवड़ा रेलवे स्टेशन से रिफाइनरी तक नई लाइन प्रस्तावित करने की सिफारिश की गई है। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि यह प्रस्ताव अतिक्रमणकारियों को बचाने और रेलवे को आर्थिक नुकसान पहुंचाने की मंशा से दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि नई लाइन के लिए भूमि अधिग्रहण में भारी दिक्कतें आएंगी और कई गांवों- सांभरा, वीर तेजाजी नगर, सिंधियों की ढाणी, कलावा और बोरावास के सैकड़ों खातेदारों की जमीन प्रभावित होगी। 600 फीट चौड़े सर्वे के चलते कई परिवार भूमिहीन होने की कगार पर पहुंच सकते हैं।

**राजस्व और संपत्ति नुकसान का दावा :** प्रदर्शनकारियों का कहना है कि पुरानी रेलवे लाइन को छोड़कर नई लाइन बनाने से रेलवे की करोड़ों की संपत्ति अतिक्रमणकारियों के कब्जे में चली जाएगी और सरकार को भारी राजस्व नुकसान उठाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने बताया कि यदि बालोतरा से पचपदरा तक पुरानी लाइन को पुनः शुरू किया जाता है, तो प्रतिदिन करीब 2500 से अधिक यात्रियों को सुविधा मिलेगी और रेलवे को भी आर्थिक लाभ होगा।

## क्राइम फाइल्स

### नाकाबंदी में पुलिस 112 गाड़ी को कार सवारों ने टक्कर मारी

**लोक टुडे। सीकर**

सीकर के धोद थाना इलाके में नाकाबंदी कर रखी पुलिस की 112 गाड़ी को टक्कर मार दी। टक्कर मारने के बाद दोनों आरोपी गाड़ी को लेकर फरार हो गए। हालांकि एक आरोपी को तीन किलोमीटर पीछा करके पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। साथ ही टक्कर मारने वाली गाड़ी को भी जप्त कर लिया है। एक आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। धोद थाना रल्ड अमर सिंह ने बताया- घटना बीती रविवार रात करीब 11:30 बजे की है। पुलिस थाने की टीम को ह्यूमन इंटेलिजेंस के जरिए सूचना मिली थी कि एक गाड़ी में दो लोग सवार हैं। उनके पास कोई अवैध मादक पदार्थ हो सकता है। ऐसे में थाने के पुलिसकर्मियों ने प्राइवेट गाड़ी से पीछा करना शुरू किया। पीछा कर रहे पुलिसकर्मियों ने सूचना दी कि गाड़ी सरवड़ी मोड़ वाले रास्ते की तरफ से आ रही है। ऐसे में सिंगरावट में नाकाबंदी की गई। इसी दौरान संदिग्ध गाड़ी आई हुई दिखाई दी। गाड़ी को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन गाड़ी नहीं रुकी। वहीं कार ड्राइवर ने पुलिस की 112 गाड़ी को टक्कर मार दी। ऐसे में गाड़ी में बैठे ड्राइवर और सिपाही को अंदरूनी चोटें आईं।

### 1.80 करोड़ की ज्वेलरी चुराने वाले 3 आरोपी पकड़े



**लोक टुडे। उदयपुर**

उदयपुर के कुराबड़ थाना क्षेत्र में 1.80 करोड़ रुपए कीमत के 100 किलो चांदी और 200 ग्राम सोना चोरी करने वाले 3 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। इनसे 30 किलो चांदी बरामद की है। इनके बाकी तीन साथी अभी फरार हैं। जिनसे बाकी की ज्वेलरी बरामद की जानी है। पुलिस इन आरोपियों की तलाश कर रही है। मामले का खुलासा करते हुए एसपी डॉ अमृता दुहन ने बताया कि आरोपी शिवा उर्फ शिवलाल कंजर पिता डालरिया उर्फ पंकलाल, कालुलाल पिता मोहर कंजर और महेन्द्र पिता भूरालाल कंजर को गिरफ्तार किया है। तीनों आरोपी चित्तौड़गढ़ के विजयपुर निवासी हैं।

### ट्रक ने स्कूटी सवार डिस्कॉम कर्मचारी को कुचला, मौत

**लोक टुडे। डीडवाना**

जिले में ट्रक ने स्कूटी सवार डिस्कॉम कर्मचारी (संविदकर्मी) को कुचल दिया। हादसे में 30 वर्षीय कर्मचारी का सिर फटकर कई टुकड़ों में सड़क पर बिखर गया। कर्मचारी की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि स्कूटी पर उसके साथ जा रहा उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मामला मौलासर थाने के निमोद का है। हादसा सोमवार दोपहर करीब 12:30 बजे रणवा पेट्रोल पंप के पास हुआ। हादसे में अंकित की मौके पर ही मौत हो गई, उसके साथी मनीष को इलाज के लिए मौलासार ले जाया गया, जहां से उसे कुचमान के सरकारी हॉस्पिटल ले जाया गया। हादसे के बाद ट्रक ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

### नाथद्वारा पुलिस ने दिखाई तत्परता, 3 नाबालिग बच्चियों को ढूंठ कर निकाला

**राजसमंद से गौतम शर्मा**

राजसमंद जिला पुलिस अधीक्षक हेमन्त कलाल के निदेर्शानुसार नाथद्वारा थाना पुलिस ने तीन नाबालिग बच्चियों को 24 घंटे के भीतर सुरक्षित दस्तयाब कर परिजनों को सुपुर्द किया। जानकारी के अनुसार 29 मार्च 2026 को आकोदड़ा क्षेत्र निवासी परिजनों ने अपनी बच्चियों के बिना बताए कहीं चले जाने की सूचना थाना नाथद्वारा में दी। सूचना मिलते ही डिप्टी शिप्रा राजावत व पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विशेष टीम का गठन किया। जिसमे एएसआई देवीलाल टीम ने तकनीकी व मानवीय संसाधनों की मदद से मावली, फतहनगर,व उदयपुर में तलाश शुरू की। जांच के दौरान बच्चियों की लोकेशन अहमदाबाद में मिलने पर पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची और स्थानीय पुलिस के सहयोग से तीनों बच्चियों को सकुशल दस्तयाब कर लिया।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रिक, प्रकाशन, संपादक - नीरज मेहरा द्वारा बोनस ग्राफिक्स, लक्ष्मी नगर, हटवाड़ा मार्ग, अजमेर रोड, जयपुर - 302006 से मुद्रिक एवं 141, दयानन्द नगर, फेज प्रथम झेलना डूंगरी गली नंबर 19, थाना गांधी नगर, जयपुर (राज.) प्रकाशित प्रबंध संपादक - पी.के.बृजवाल, 9950325930, 9571635930 (कानूनी सलाहकार एडवोकेट कैलाशनाथ भट्ट)